प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा किया गया पौधारोण

पंतनगर। 3 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2024 तक सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत अब तक 224 पौधे राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंयसेवकों द्वारा रोपित किये गये। 2 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर पंतनगर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम ने एक विशेष सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और समुदाय के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

यह कार्यक्रम गांधी जी के स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के आदर्शों को समर्पित था। इस अभियान के तहत पंतनगर परिसर में छात्रों, शिक्षकों और एनएसएस स्वयं सेवकों ने मिलकर साफ–सफाई की तदोपरान्त वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पंतनगर में स्थित विद्यालयों के बाहरी परिसर में आम एवं लीची के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना भी था।

इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस समन्वयक डा. अभिषेक तोमर एवं अधिष्ठाता कृषि डा. एस. के. कश्यप के मार्गदर्शन में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. रूचि रानी गंगवार एवं डा. अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. मनोज राधव, डा. श्रीराम, डा. एस.के. श्रीवास्तव एवं श्रीमती मंजू जोशी आदि ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

2. विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार